


### बातचीत के लिए

सहभागियों के साथ खेत, किसानी आदि से जुड़ी बातों पर चर्चा करें। उनसे पूछें- 1. दिए गए चित्र में कुल कितनी चारपाइयाँ हैं? 2. दिए गए चित्र में कुल कितने घर हैं? 3.कुल कितने लोग इस चित्र में दिखाई दे रहे हैं? 4. चित्र में कुल कितने जानवर हैं?

# 4 हमारा आस-पास

**हम सीखेंगे**

ए | ऐ | ज | भ | ड | ड़ | श | ष | ं | ँ

## ▪ चित्र से अनुमान लगाकर पढ़िए



जंगल



कुआँ



बारिश



झरना


**शिक्षक-निर्देश** — ऊपर दिए गए शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें। उन्हें चित्र के आधार पर अनुमान लगाने के अलावा उनके बढ़ते शब्द और अक्षर ज्ञान का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करें।



सूरज



जानवर



पहाड़



धुआँ

## पढ़िए और अक्षर लिखिए

# ए



मैंने एटीएम से पैसे निकाले।



एड़ी

ए

## चित्र देखिए और शब्द लिखिए

1

## पढ़िए और अक्षर लिखिए

ऐ



ऐम्बुलेंस



अब मैं ऐनक पहनकर पढ़ पाती हूँ।

ऐ


## चित्र देखिए और शब्द लिखिए



**शिक्षक-निर्देश**— चित्र देखकर शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें, उनसे अक्षर लिखवाएँ। दी गई जगह पर चित्र का नाम लिखने के लिए कहें।

## पढ़िए और अक्षर लिखिए


# ज



जड़



जादूगर




जैसलमेर बहुत खुबसूरत जगह है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जल | ज़मीन | जैसा | जोतना | सब्ज़ी | जौ |
| जेब | बाजा | जितना | जीत | जिला | जोखिम |


ज

ज

## चित्र देखिए और शब्द लिखिए







**शिक्षक-निर्देश**— शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें। उनसे अक्षर लिखवाएँ और दी गई जगह पर चित्र का नाम लिखने के लिए कहें।

CNCL NCERT

## पढ़िए और अक्षर लिखिए



भगोना



भेड़िये झुंड में रहते हैं।

भ



भीड़


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भोर | भिंडी | भात | भाभी | भेंट |
| भोजन | भौंकना | भिड़ना | भिगोना | भील |
| भवन | भाड़ा | भीनी | भूल | अभी |

भ

भ

## चित्र देखिए और शब्द लिखिए








CNCL NCERT

## पढ़िए और अक्षर लिखिए

श



शेर



दुल्हे ने बड़े शौक से नई शेरवानी सिलवाई।




शहद


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शक | शरारत | शैतानी | शोर | शोला |
| शोभा | शौकीन | शिकायत | शिमला | आशा |
| शीशा | काशी | शामियाना | कोशिश | शेष |


श

श

- ## चित्र देखिए और शब्द लिखिए








## पढ़िए और अक्षर लिखिए

ष



षट्कोण



इंद्रधनुष



मैं कौरवी भाषा बोलती
और लिखती हूँ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पोषण | आषाढ़ | कोष | भाषण | पुरुष |
| दोषी | आभूषण | घोषणा | संघर्ष | मनीषा |
| प्रदूषण | वर्षा | विष | भीषण | भाषा |

NCERT

# ड



डलिया




डायरी



डाक-पेटी


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| डकार | लाडली | डेरा | डील-डौल | डीज़ल |
| डैने | डोरी | डोलना | डकैत | डालना |
| डिपो | डिब्बा | डगर | डराना | निडर |

ड


ड

## पढ़िए और अक्षर लिखिए

ड़



सड़क



भेड़िया



लड़का

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भेड़ | गड़बड़ | भाड़ा | पकौड़ी | साड़ी |
| जोड़े | कोड़े | सड़क | खड़ा | छड़ी |
| जोड़ | खड़िया | बड़ा | लड़ाई | पगड़ी |


ए

ए

## चित्र देखिए और शब्द लिखिए








CNCL NCERT


- **आपके घर के आस-पास इनमें से क्या-क्या है? खाली बॉक्स ⬭ में सही का निशान (✓) लगाइए-**




केले का पेड़ ⬭



बगीचा ⬭



रेलवे स्टेशन ⬭



लोमड़ी ⬭




स्कूल




अस्पताल



खेत




झरना

## ■ पढ़िए और बातचीत कीजिए

# सुखोमाजरी गाँव की कहानी

सुखोमाजरी नाम का एक गाँव था। उसके जंगल काट दिए गए थे। कुओं और पंपों में पानी नहीं था। नदियों का पानी बहुत मटमैला हो गया था। पर 1970 में सुखोमाजरी गाँव बदल गया। सुखोमाजरी में ग्राम सभा बनी। ग्राम सभा ने मिलजुल कर फ़ैसला लिया– सबसे पहले जंगलों को बचाना है।



बारिश के पानी को जमा करने के लिए सिंचाई टैंक बनाया। सिंचाई टैंक के चारों तरफ पेड़ लगाए। बच्चों ने भी पेड़ लगाए। काम कठिन था। पर गाँव वालों ने खूब मेहनत की। पाँच सालों में सुखोमाजरी हरा-भरा खुशहाल गाँव बन गया।

**शिक्षक-निर्देश**— ऊपर दी गई कहानी, सहभागियों को पढ़कर सुनाएँ और उनसे इसी तरह की अन्य कहानियाँ सुनाने को कहें। पेड़, जंगल, पानी जमा करना आदि की ज़रूरत के बारे में चर्चा करें। पर्यावरण संरक्षण के बारे में सहभागियों से बातचीत करें।

## नीचे दिए गए सवालों के जवाब दीजिए-

प्रश्न 1. अपने गाँव का नाम लिखिए।

प्रश्न 2. आपके घर में इस्तेमाल के लिए पानी कहाँ-कहाँ से आता है?

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नल | पंप | तालाब | नदी | कुआँ | टंकी | बोतल का पानी |

प्रश्न 3. घर में इस्तेमाल का पानी किसमें भरकर रखते हैं?


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लोटा | घड़ा | बाल्टी | टंकी | बोतल | टब | केन |

प्रश्न 4. क्या आपके इलाके में भी पानी की दिक्कत है? आपको इस कमी के क्या कारण नज़र आते हैं? चर्चा कीजिए।

**शिक्षक-निर्देश**— ऊपर दिए गए प्रश्नों पर चर्चा करें और जवाब लिखने में सहभागियों की मदद करें। सहभागी बॉक्स में दिए गए शब्दों की मदद ले सकते हैं। प्रश्न 4 पर विशेष बातचीत करें। साफ पानी पीने के लाभों पर भी चर्चा करें।

CNCL NCERT

## ■ आइए, चर्चा करें


दिल्ली जल बोर्ड
दिल्ली सरकार
पानी का बिल
पानी
श्री मोहम्मद उमर
22, महरौली, नई दिल्ली
11/07/2017 05/09/2017
154564 17/09/2017
03/10/2017
15/82-3 A-A 2914 3/2007 DOMESTIC-A 38 (A) 53.20
26.60
4267 1231311620 MPL 15 6 OF (A) ABOVE 76.00
---- 05/09/2017 STOPPED 0.76
---- 10/07/2017 STOPPED 0.00
38 20/MONTH PROV. AVERAGE 0.00
(+) 193.00
* TOWARDS SEWER MAINTENANCE ROUND 350.00
ROUND 18.00
368.00
04/07/2007
जल ही जीवन है बूंद बूंद कीमती है इसे बचाइए।

दिल्ली के महरौली इलाके में एक मकान का पानी का बिल

### ■ ऊपर दिए गए बिल को देखिए, बिल में गोला लगाकर अपना जवाब बताइए-

प्रश्न 1. बिल के किन हिस्सों को देखकर पता चलता है कि यह पानी का बिल है?

प्रश्न 2. यह बिल किस जगह का है?

प्रश्न 3. बिल किस व्यक्ति के नाम पर आया है?

प्रश्न 4. बिल भुगतान की आखिरी तारीख क्या है?

प्रश्न 5. पानी का यह बिल कितने दिन का है?

प्रश्न 6. बिल में पानी बचाने की बात कहाँ लिखी हुई है?

**शिक्षक-निर्देश**—पहले बिल का विवरण दें। दिए गए प्रश्नों पर सहभागियों के साथ बातचीत करें। बिल में जवाब के लिए गोला लगवाएँ।

▪ **मिलकर पढ़िए**

# समुद्र से पानी कहाँ जाता है?

सोतों, तालाबों और दलदलों से पानी बहकर नालों में पहुँचता है। नालों से छोटी नदियों में, छोटी नदियों से बड़ी नदियों में और फिर सभी ओर से नदियाँ आकर समुद्र में मिलती हैं। ऐसा तब से होता है, जब से यह दुनिया बनी है। पर समुद्र से पानी कहाँ जाता है? वह किनारों से छलकता क्यों नहीं है?

समुद्र से पानी भाप बनता है। भाप ऊपर उठती है और फिर उससे बादल बनते हैं। हवा बादलों को उड़ाती है और दूर-दूर फैला देती है। बादलों से पानी बारिश बनकर ज़मीन पर गिरता है। ज़मीन से बहकर दलदलों और नालों में पहुँच जाता है। नालों से नदियों में पहुँचता है और नदियों से समुद्र में, समुद्र से पानी फिर भाप बनकर ऊपर उठता है और बादल बन जाता है। हवा बादलों को उड़ाकर दूर-दूर फैला देती है।

*-लियो टॉल्स्टॉय*



## मेरे शब्द

CNCL NCERT

**शिक्षक-निर्देश**— सहभागियों को प्रोत्साहित करें कि वे पानी के विभिन्न स्त्रोतों के बारे में चर्चा करें। तालाब, नदी, समुद्र की सफ़ाई और संरक्षण के बारे में भी बातचीत करें।